# मैया जी की गली में मकान होना चाहिए

मैया जी की गली में मकान होना चाहिए,
दिल वाला पूरा अरमान होना चाहिए,
मैया जी की गली में मकान होना चाहिए॥

जम्मू शहर से मैं चंदन मंगाऊँगी,
चंदन की सुंदर सी चौंकी बनवाऊंगी,
जम्मू शहर का तरखान होना चाहिए,
मैया जी की गली में मकान होना चाहिए॥

घर में मै कमरा एक ख़ास बनवाऊंगी,
जिसमे मै मैया जी की मूर्ति लगाउंगी,
पूजा वाला सारा ही सामान होना चाहिए
मैया जी की गली में मकान होना चाहिए॥

मैया जी की गली जगराता करवाऊंगी,
देवी और देवता मै सारे ही बुलवाऊंगी,
आगे आगे वीर हनुमान होना चाहिए,
मैया जी की गली में मकान होना चाहिए॥

मैया जी की गली में भंडारा करवाऊंगी,
मैया जी के भक्तो को शरबत पिलाऊंगी,
आने वाला मैया का महमान होना चाहिए,
मैया जी की गली में मकान होना चाहिए॥

मैया जी की गली में मकान होना चाहिए,
दिल वाला पूरा अरमान होना चाहिए,
मैया जी की गली में मकान होना चाहिए........

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24152/title/mayia-ji-ki-gali-me-makaan-hona-chahiye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |